लेमन (नींबू)

साइट्रस लिमॉन 5 मिली

dōTERRA | INDIA

प्रोडक्ट संबंधी जानकारी का पेज

CPTG®

उपयोगिता: A T S

पौधे का हिस्सा: लेमन का छिलका

निष्कर्षण की विधि: कोल्ड प्रेस्ड /एक्सप्रेस्ड

सुगंध का विवरण: क्लीन, फ्रेश, साइट्रस, ब्राइट

मुख्य रासायनिक संयोजन: लिमोनेन, β-पिनेन, γ-टेरापिनेन

लेमन | ***साइट्रस लिमॉन 5 मिली***

SKU: 60219321

प्राथमिक फ़ायदे

+ सावधानी और सही मात्रा में इस्तेमाल किए जाने पर त्वचा को पोषण प्रदान करता है.
+ इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेन्ट्स त्वचा में निखार लाने तथा उसके टोन को बनाए रखने में मदद करते हैं.
+ इसकी एक कुदरती, स्वच्छ ,तीव्र, महक स्पष्टता तथा चुस्ती-फुर्ती का भाव जगाती है.
+ छिड़कने या सतहों पर इस्तेमाल करने के लिए एक तीव्र, स्वच्छ, तरोताजगीभरी खुशबू

प्रोडक्ट का विवरण

सबसे ज़्यादा बिकने वाले डोटेरा एसेन्शियल ऑयल, लेमन में बहुत सारे गुण हैं और इसके अनेक उपयोग हैं. लेमन एसेन्शियल ऑयल का इस्तेमाल एक सौम्य एक्सफोलिएटिंग तत्व के रूप में किए जाने पर यह त्वचा की मृत कोशिकाओं को हटा कर त्वचा को पोषण देने में मदद कर सकता है. लेमन एसेन्शियल ऑयल तथा इसकी शक्तिशाली सनसनाती खुशबू का इस्तेमाल घर में एक कुदरती क्लीनर के रूप में किया जा सकता है. लेमन एसेन्शियल ऑयल को छिड़के जाने पर माहौल में एक नई ऊर्जा और उत्साह के साथ सहज, सुखद व उमंग का माहौल पैदा होता है.

इस्तेमाल

+ त्वचा को स्वच्छ बनाए रखने में मदद करता है तथा आपके सामान्य फेसियल क्लेंजर के साथ रोजाना एक बार या हफ्ते में कुछ बार इस्तेमाल किए जाने पर त्वचा के कुदरती निखार को बढ़ाता है.
+ लेमन एसेन्शियल ऑयल में कुदरती एंटीऑक्सीडेन्ट्स हैं जो कि बेहाल त्वचा पर लगाए जाने पर उसे पोषण प्रदान करने में मदद करते हैं. लेमन एसेन्शियल ऑयल को त्वचा पर लगाने के बाद कम से कम १२ घंटों तक सूर्य की सीधी किरणों से बचना आवश्यक है.
+ टेबल को साफ करने के लिए पानी की स्प्रे बॉटल में लेमन एसेन्शियल ऑयल मिलाएं. लेमन एसेन्शियल ऑयल एक बढ़िया फर्नीचर पॉलिश बनाने के काम भी आता है, वुड फिनिशेस को साफ करने, सुरक्षित रखने तथा चमकाने के लिए ऑलिव ऑयल में बस इसकी कुछ बूंदें मिलाएं.
+ अपने लेदर फर्नीचर तथा लेदर की अन्य सतहों या गार्मेन्ट्स को सुरक्षित रखने के लिए लेमन एशेन्शियल ऑयल में डुबोए गए एक साफ कपड़े का इस्तेमाल करें.
+ लेमन एसेन्शियल ऑयल का इस्तेमाल सिल्वर तथा अन्य मेटल्स पर लगे शुरूआती अवस्था के दागों को साफ करने के लिए किया जा सकता है.
+ माहौल में एक उमंग जगाने के लिए इसे छिड़कें.

इस्तेमाल के लिए निर्देश

डिफ्यूजन: अपनी पसंद के डिफ्यूजर में तीन से चार बूंदों का इस्तेमाल करें.

ऊपरी इस्तेमाल: शरीर के मनचाहे हिस्से पर एक से दो बूंदें लगाएं. किसी कैरियर ऑयल में मिलाकर पतला कर लें ताकि त्वचा पर कम से कम संवेदनाशीलता पैदा हो. नीचे दी गई अतिरिक्त सावधानियों को देखें.

सावधानियां

त्वचा में संवेदनशीलता पैदा हो सकती है. बच्चों की पहुंच से दूर रखें. गर्भवती स्त्री, स्तनपान कराने वाली स्त्री या जिनका कोई इलाज चल रहा हो, डॉक्टर से परामर्श करके ही इस्तेमाल करें. आंखों,कान के अंदर तथा संवेदनशील हिस्सों से संपर्क होने से बचाएं.प्रोडक्ट को लगाने के बाद कम से कम १२ घंटे के लिए सूरज की रोशनी तथा यूवी किरणों से दूर रहें.

*सतह की देखभाल के लिए हमेशा निर्माता के निर्देशों को देख लें.

All words with trademark or registered trademark symbols are trademarks or registered trademarks of dōTERRA India Private Limited